दिनांक 24.09.2018

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

आयुक्त महोदय ने की बड़ी कार्यवाही, निरीक्षण के दौरान लापरवाही बरतने पर किया निलंबित, कहा–लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त श्री एस0के0 सुंदरानी द्वारा वार्ड 12 कांन्ट्रेक्टर कालोनी रावण भाठा के पास आज आकस्मिक निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत् सुपरवाईजर जगन्नाथ सिंह के डेंगू नियंत्रण हेतु किये जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। कार्य के दौरान सुपरवाईजर की बड़ी लापरवाही दिखी। साफ–सफाई का पूर्णतः अभाव तथा टीम को नियंत्रण में न करना, मलेरिया आयल का न होना, सुखा एवं गीला कचरा को अलग–अलग न करवाना, जिसपर आयुक्त ने नाराजगी जताई तथा तत्काल निलंबन के आदेश दिये। ज्ञात हो कि पूर्व में भी आयुक्त महोदय द्वारा विभिन्न वार्डों का निरीक्षण डेंगू नियंत्रण हेतु किया गया है कमी पाये जाने वाले व्यवस्था को सुधारने के सक्त निर्देश हुए हैं उसके बाद भी सुपरवाईजर द्वारा लापरवाही की गई है। निरीक्षण के दौरान राजस्व अधिकारी एच0के0 चन्द्राकर, प्रभारी अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा, जोन आयुक्त संजय बागड़े एवं शंकराचार्य मेडिकल कालेज के बच्चे, निगम के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। इसी तरह से समस्त जोन के स्वच्छता निरीक्षक एवं स्वच्छता पर्यवेक्षक अपने कार्यों में लापरवाही न करें डेंगू के नियंत्रण एवं स्वच्छ भारत सर्वेक्षण 2019 के दिये गये निर्देशों का पालन करते हुए कार्य करें जिसकी जानकारी प्रतिदिन स्वास्थ्य अधिकारी को भेंजे।

जन सम्पर्क अधिकारी